
31-10-26 VNS PG-3 FRONT PAGE-DAK-ALLA.qxd 30-10-2026 23:02 Page 1



जयंती आज
राष्ट्रीय एकताके सूत्रधार
सरदार वल्लभभाई पटेल

भाज

२०७३

पुण्य तिथि आज
भारतकी आयरन लेडी
इंदिरा गांधी



प्रयागराज, शनिवार ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १४, कार्तिक कृष्ण ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

एक नवम्बरकी रैली टालनेके लिए व्यापारियोंने सोनियाको लिखा पत्र


12,000 करोड़ रुपये का कारोबार दांव पर

नयी दिल्ली (आससे.)। एक नवंबर को प्रस्तावित विपक्ष की रैली को लेकर सीटीआई ने राहुल के बाद अब सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। सीटीआई का कहना है कि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को दिल्ली में कारोबार ठप्प हो सकता है और इसे लेकर दिल्ली के 20 लाख व्यापारियों में दहशत का माहौल है। सीटीआई ने अपने पत्र में लिखा, 4-10 अक्टूबर का उदाहरण सामने है। 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर सिर्फ 5000 से 7000 लोग आए थे तो 8 घंटे तक सेंट्रल दिल्ली जाम रही थी। अब आ रहे हैं 10 लाख लोग तो दिल्ली में क्या होगा। नवंबर की रैली को दिवाली बाद 10-11 नवंबर के बाद कर दिया जाए, ताकि धनतेरस और दीपावली पर कारोबार में कोई भी विघ्न ना पड़े। अगर रैली करनी ही है तो रामलीला मैदान से हटाकर बुराड़ी मैदान में



की जाए जहां 15,000 गाड़ियों की पार्किंग की जगह हो। सीटीआई ने कहा, ये 20 बाजार सिर्फ बाजार नहीं, दिल्ली की धड़कन है। यहां रोजाना 10 से 12 हजार करोड़ का कारोबार होता है और 6 नवंबर को धनतेरस है। व्यापारी डरा हुआ है कि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को मध्य दिल्ली में लॉकडाउन जैसा चक्का जाम लगेगा तो उसका धनतेरस और दीपावली का माल कैसे आएगा-जाएगा? इसके अलावा रोजाना 3-4 लाख लोग दिल्ली के आसपास के शहरों और कस्बों से दिल्ली के अलग अलग बाजारों में खरीददारी के लिए आते हैं वो भी आने से कतराएंगे। आदरणीय सोनिया जी, आपने हमेशा छोटे व्यापारी की आवाज सुनी है। हमें उम्मीद है कि आप हमारी विनती सुनेंगी और रैली को दिवाली बाद कर देंगी। हमने राहुल गांधी जी से भी गुहार लगाई थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। अब आखिरी उम्मीद केवल आपसे है।

पुरुषको भी रिश्ता खत्म करनेका हक-सुप्रीम कोर्ट



रिश्ता टूटा तो दुष्कर्म का केस नहीं

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने रिश्तों में खटास आने के बाद आपराधिक मुकदमे दर्ज कराने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि जब दो वयस्कों के बीच किसी रिश्ते के दौरान आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बने हों, तो सिर्फ रिश्ता खराब होने या खत्म हो जाने के कारण उन संबंधों को बाद में दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने केरल के एक निवासी संतोष कुमार एनपी को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि आपसी सहमति से बने संबंधों और धोखे या गलत जानकारी के आधार पर हासिल की गई सहमति के मामलों में कानूनी रूप से अंतर करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी रिश्ते के दौरान दोनों पक्षों की सहमति से शारीरिक संबंध बने थे, तो बाद में रिश्ते के बिगड़ने या खत्म होने के आधार पर उन संबंधों को पिछली तारीख से दुष्कर्म का अपराध नहीं माना जा सकता। पीठ के मुताबिक, किसी रिश्ते के खत्म होने के बाद व्यक्ति को अपने पुराने फैसलों पर पछतावा हो सकता है, लेकिन केवल इस पछतावे को आपराधिक मामला बनाने का आधार नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा प्रभावित होती है।

नौसेना को मिलेंगे अगली पीढ़ी के आठ नये युद्धपोत

केन्द्रने दी मंजूरी, ४० हजार करोड़ आयेगी लागत

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी ने भारतीय नौसेना के लिए आठ नेक्स्ट-जनरेशन कॉर्वेट्स (युद्धपोत) बनाने के 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इन युद्धपोतों का निर्माण दो सरकारी शिपयार्ड कोलकाता स्थित 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' और 'गोवा शिपयार्ड लिमिटेड' द्वारा किया जाएगा। इन आठ युद्धपोतों के लिए दोनों शिपयार्ड के साथ अगले कुछ दिनों में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट से नौसेना के सरफेस फ्लीट (सतही बेड़े) को मजबूती मिलेगी और देश में ही युद्धपोत बनाने की प्रक्रिया को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

अगली पीढ़ी के आठ युद्धपोत लगभग 2,000 टन वजनी और तेज गति वाले युद्धपोत होंगे, जिनकी रफ्तार करीब 30 नॉट्स (लगभग 55 किमी प्रति घंटा) होगी। इनमें पूरी तरह से नया 'स्टेल्थ' (दुश्मन की नजरों से बचने वाला) डिज़ाइन होगा, जिसे भारतीय नौसेना ने खुद विकसित किया है। इसमें जहाज निर्माण की अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है।

इन युद्धपोतों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि ये कई तरह के समुद्री सुरक्षा मिशनों में काम आ सकें। इनमें एंटी-सरफेस (सतह पर मौजूद दुश्मनों के खिलाफ), एंटी-सबमरीन (पनडुब्बियों के खिलाफ) और एंटी-एयर (हवाई हमलों के खिलाफ) युद्ध क्षमताएं शामिल होंगी। ये तटीय सुरक्षा, समुद्री गश्त, और खोज व बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू) अभियानों के लिए भी पूरी तरह तैयार होंगे, जिससे ये हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। इनमें मौजूद 'स्टेल्थ' खूबियां, अत्याधुनिक हथियार, सेंसर और बेहतरीन गतिशीलता नौसेना की ऑपरेशनल क्षमताओं को और बढ़ाएंगी।

सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल और घरेलू रक्षा निर्माण को मजबूत करने के प्रयासों के अनुरूप, इस प्रोजेक्ट में 70 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

अनंत सिंहको सुप्रीम झटका, जमानत रद

दुलारचंद यादव हत्या मामला

पटना (आससे)। दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में मोकामा के विधायक अनंत सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने अनंत सिंह को हाई कोर्ट से मिली जमानत को रद्द कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर अनंत सिंह को अब जेल जाना होगा। दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में जमानत रद्द होने पर प्रतिक्रिया देते हुए मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने कहा कि हां, मैं सरेंडर कर दूंगा। मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। कोर्ट जब और जहां भी कहेगा, मैं सरेंडर कर दूंगा...। मोकामा के विधायक ने कहा कि कोर्ट में मैं सरेंडर करूंगा। जब डेट है, मैं सरेंडर करूंगा। मैं किसी के पास नहीं जाऊंगा। मैं कोर्ट जाऊंगा, कोर्ट ने मुझे बुलाया है। अनंत सिंह ने कहा कि न्यायालय पर मुझे भरोसा है, कोर्ट हमको फिर बेल देगा।

यूपीमें खत्म हुआ व्यापारियोंका डर, अब रातमें भी खुलते हैं बाजार-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पश्चात रात में जगमगाते बाजारों को व्यापारी के विश्वास का प्रकाश बताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर पूर्ववर्ती सरकार की कार्यपद्धति पर सवालिया निशान खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं।मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज नए उत्तर प्रदेश में रात्रि के समय जगमगाते बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की रोशनी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि व्यापारी के विश्वास का प्रकाश भी है। नाइट शिफ्ट में अपने कार्यस्थल पर निर्भय होकर दायित्व निभाती हमारी मातृशक्ति का आत्मविश्वास केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरक्षा और विश्वास का यह वातावरण उत्तर प्रदेश में सदैव नहीं था। वर्ष 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं। देर रात तक कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता बनी रहती थी।

भाजपा षडयंत्र करके विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थी-अखिलेश

लखनऊ(हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा षडयंत्र करके विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थी। कई जिलों में जहां भाजपा की सेटिंग हो गयी वहां पर 90 फीसदी तक वोट डलवाया। लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और प्रत्याशियों ने मतदाताओं के सहयोग और साथ से भाजपा की साजिशों को नाकाम कर दिया। यह जनादेश भाजपा की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों और फैसलों के खिलाफ है। भाजपा सरकार ने शिक्षा और परीक्षा की दुर्दशा कर रही। इसने 26 हजार प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए। शिक्षकों की नौकरी कम कर दी। इस सरकार में 20 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। जानबूझ कर पेपर लीक कराए। यह पेपर लीक कराने वाली सरकार है। शुक्रवार को समावादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने 26 हजार प्राइमरी स्कल बंद कर दिए, प्रदेश में 27 हजार शराब के ठेके खुलवा दिए।

रक्षा क्षेत्र में वैश्विक साझेदारी बढ़ायेगा भारत : विक्रम मिसरी

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 'रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन, वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करना' विषय पर आयोजित वीआईएसवी-2026 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमारे हाल ही में जारी 'रक्षा' फ्रेमवर्क में अगले दशक के लिए वैश्विक साझेदारियों का रोडमैप दिया गया है। इसमें रणनीतिक साझेदारी, क्षमता निर्माण, स्वदेशी निर्यात और समुद्री सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आगे कहा, हमारे हाल ही में जारी 'रक्षा' फ्रेमवर्क में अगले दशक के लिए वैश्विक साझेदारियों का रोडमैप दिया गया है। इसमें रणनीतिक साझेदारी, क्षमता निर्माण, स्वदेशी निर्यात और समुद्री सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। भारत का 'सागर' विजन अब 'महासागर' के रूप में विकसित हो गया है, जिसके तहत भारत हिंद महासागर क्षेत्र में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' (सबसे पहले मदद के लिए पहुंचने वाला) और 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' (प्रमुख सुरक्षा प्रदाता) बनने की दिशा में काम कर रहा है।

यूपी एसआईआर : वोटरों के नाम काटने की कोशिश का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोगसे मांगी कारवाई रिपोर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रूक्र) के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आयोग से शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं हुआ है।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

यूपीमें दीपावली-छठ पर १२ दिन तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ (आससे.)। दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने छह से 17 नवंबर तक प्रदेश में अधिक से अधिक बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली से पूर्वांचल के साथ ही लखनऊ और कानपुर के लिए भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारा जाए। हालांकि, अनफिट बसों का संचालन नहीं होगा। **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

यूपीमें गुप्त ड्रग्स लैब का भंडाफोड़, 1100 किलो ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 30 अक्टूबर। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के एक सुदूर गांव में चल रही एक विशाल और गुप्त मादक पदार्थ निर्माण प्रयोगशाला (ड्रग्स लैब) का पर्दाफाश करते हुये यूपी एटीएस के सहयोग से चलाए गए इस संयुक्त अभियान में लगभग 1,100 किलोग्राम मादक पदार्थ, अर्ध-निर्मित ड्रग्स और कच्चे रसायन (प्रिकर्सर केमिकल्स) जब्त किए गए हैं। इस मामले में अब तक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वित्त **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

यूपी : 11 पीसीएस अफसरों के तबादले, कई जिलों के उपजिलाधिकारी बदले

लखनऊ (आससे.)। यूपी में 11 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। कई जिलों में उपजिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी स्तर के पदों पर बदलाव किया गया है। राज बहादुर को उपजिलाधिकारी, हाथरस से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), बुलंदशहर में तैनाती दी गई है। इसी तरह, संजय कुमार यादव को उपजिलाधिकारी, लखनऊ से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ बनाया गया है। दुर्गेस यादव को उपजिलाधिकारी, फतेहपुर से विशेष कार्याधिकारी, राहत आयुक्त **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पर उतरा राफेल मरीन



पहली ही कोशिशमें मिली सफलता

पणजी (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के लिए समुद्री सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं के लिहाज से एक अहम उपलब्धि सामने आई है। नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। **(शेष पृष्ठ ११ पर)**



